Published Date:	10 Aug 2018	Publication:	Dastak
Edition:	Indore	Page No:	7
MAV/CCM:	8056/20.14	Circulation:	12000

टीसीएस आईटी क्वीज़ 2018 के इंदौर संस्करण की शुरूआत 24 अगस्त से होगी

इंदौर।

आईटी सेवा, परामर्श एवं व्यवसाय समाधान में अग्रणी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) ने आज घोषणा की है कि स्कूलों के लिये भारत के सबसे बड़े टेक्नोलॉजी क्विज टीसीएस आईटी विज़ 2018 के इंदौर संस्करण का आयोजन शुक्रवार, 24 अगस्त को यूनिवर्सिटी ऑडिटोरियम, आईआईपीएस के पास, डीएवीवी यूनिवर्सिटी कैम्पस, खंडवा रोड़, इंदौर में किया जाएगा। इस आयोजन में कक्षा 8 से 12 तक के विद्यार्थी भाग ले सकते हैं।

प्रत्येक संस्थान अधिकतम 8 टीमें भेज सकता है और प्रत्येक टीम में दो सदस्य होंगे। इसके लिये कोई प्रवेश शुल्क नहीं है। टीसीएस आईटी विज़ 2018 का आयोजन भारत के 12 शहरों में होगा- अहमदाबाद, बैंगलोर, भुवनेश्वर, चेन्नई, दिल्ली, हैदराबाद, इंदौर, कोच्चि, कोलकाता, मुंबई, नागपुर और पुणे। इच्छुक संस्थानों द्वारा प्रविष्टियाँ शुक्रवार, 17 अगस्त, 2018 को या इससे पहले क्विज कोऑर्डिनेटर, टीसीएस आईटी विज़, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, मैचबॉक्स, ए 21, वसंत विहार, एसबीआई के पीछे, सत्य साई स्कूल स्क्वेयर, ए.बी. रोड़, इंदौर-452010, मध्य प्रदेश को भेजी जानी चाहिये। क्विज फॉर्मेट: रिटेन प्रीलिमिनरी राउंड से शीर्ष छह टीमें रीजनल्स फाइनल्स के लिये क्वालिफाई करेंगी। प्रत्येक स्कूल की टॉप स्कोरिंग टीम को ही मंच पर बुलाया जाएगा, जहाँ उसी स्कूल की टीमें फाइनल के लिये क्वालिफाई करेंगी।

रीजनल फाइनल्स की विजेता टीम नेशनल फाइनल्स में भाग लेगी। पुरस्कार: इस वर्ष के रीजनल चैम्पियन को 60,000 रू. का गिफ्ट वाउचर मिलेगा, जबकि उपविजेता को 40,000 रू. का वाउचर और विशेष रूप से डिजाइन की गई ट्रॉफी तथा मेडल मिलेंगे। 6 फाइनलिस्ट्स को टीसीएस से कई पुरस्कार मिलेंगे, जैसे जिम बैग, ब्लूटूथ स्पीकर्स वाली मल्टीफंक्शनल म्यूजिक टॉर्च और टीसीएस50 पेन-ड्राइव के साथ वायरलेस आउटडोर स्पीकर्स। ट्विटर कॉन्टेस्ट: प्रत्येक शहर में रीजनल फाइनल्स में भाग लेने वालों के लिये एक ट्विटर कॉन्टेस्ट होगा। शीर्ष दो उच्चतम ट्वीट्स और सर्वश्रेष्ठ ''ट्वीट ऑफ द डे'' को एक मल्टीफंक्शनल टॉर्च मिलेगी, जिसमें स्मार्ट म्यूजिक फ्लॉवर पॉट, ब्लूटूथ स्पीकर और एलईडी नाइट लाइट होगी।